दिनांक 29.09.2014

सी0पी0एम0टी0–2014 की विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) तथा के0जी0एम0यू0 में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा वाद संख्या–21517/2014 में पारित आदेशों के क्रम में अनुमन्य कराये गये 65 सीटों में प्रवेश के सम्बन्ध में प्रेस–विज्ञप्ति।

सी0पी0एम0टी0–2014 की तृतीय चक्र की काउंसिलिंग के पश्चात अपरिहार्य कारणों से एम0बी0बी0एस0/ बी0डी0एस0 पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर आवंटन की कार्यवाही विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) के माध्यम से टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ (**केवल लखनऊ केन्द्र पर ही**) में **दिनांक 30 सितम्बर 2014 को** प्रातः 10:00 बजे से सम्पन्न की जायेगी।

2– इस वर्ष आवंटन हेतु उपलब्ध सीटों की सूचना निम्नवत हैः–

- एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज में 04 सीट, राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर में 01 सीट तथा यू0पी0 रिम्स सैफई में 01 सीट।
- बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में के0जी0एम0यू0 में 01 सीट।
- मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा के0जी0एम0यू0 में अनुमन्य करायी गयी 65 एम0बी0बी0एस0 सीट।
- इसके अतिरिक्त दिनांक 30 सितम्बर, 2014 के प्रातः तक त्याग पत्र के कारण उपलब्ध बी0डी0एस0/एम0बी0बी0एस0 की अन्य सीट।

3– इस आवंटन (MOP UP ROUND) में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रिया गुप्ता बनाम छत्तीसगढ़ राज्य (वाद संख्या–4318/2012) में दिये गये दिशा निर्देश के अनुसार निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जा रही हैः–

- आवंटन में प्रतिभाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को इस सम्बन्ध में समस्त सूचना बेवसाइट एवं अखबारों के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थियों को पृथक से कॉल लेटर प्रेषित नही किये जायेगें।

- समस्त इच्छुक छात्रों को निर्धारित समय एवं तिथि को टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ (**केवल लखनऊ केन्द्र पर ही**) पर समस्त मूल प्रमाण–पत्रों/अभिलेखों सहित उपस्थित होना है।

- विशेष आवंटन में शुल्क सम्बन्धीः–ऐसे छात्र जिन्होने सी0पी0एम0टी0, 2014 प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय काउन्सिलिंग में निर्धारित रू0 500/– तथा सेक्यूरिटी रू0 5000/– जमा किया है, को कोई शुल्क देय नही होगा। इसके अतिरिक्त आवंटन में प्रतिभाग करने इच्छुक ऐसे समस्त छात्रों, जिन्होंने पूर्व में कभी शुल्क का भुगतान नही किया हो, को रू0 500/– तथा सेक्यूरिटी रू0 5000/– का भुगतान नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से करना होगा।

ऐसे छात्र जो त्याग पत्र देते हुए प्रतिभाग कर रहे है उनके द्वारा रू0 5000/- नकद/डिमाण्ड ड्राफ्ट सेक्यूरिटी के रूप में जमा करना होगा।

- इस विशेष आवंटन में किसी भी प्रकार की पाठ्यक्रम में पनुर्रावंटन अनुमन्य नही होगा। उदाहरणतः एम0बी0बी0एस0 में प्रवेशित छात्र को पुनः किसी अन्य कालेज में एम0बी0बी0एस0 अनुमन्य नही होगा। परन्तु यदि कोई बी0डी0एस0/बी0ए0एम0एस0/बी0एच0एम0एस0 में प्रवेशित है तो ऐसे छात्र एम0बी0बी0एस0 में प्रवेश लेने हेतु अर्ह हैं।

- अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा/All India quota के माध्यम से प्रवेषित अभ्यर्थी अर्ह नही है।

- सी0पी0एम0टी0, 2014 की प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय काउन्सिलिंग के माध्यम से एम0बी0बी0एस0 आवंटन प्राप्त (प्रवेशित/अप्रवेशित/त्यागपत्र दे चुके) अभ्यर्थी अर्ह नही है।

- बी0डी0एस0 में प्रवेशित इच्छुक छात्रों द्वारा इस विशेष आवंटन में प्रतिभाग करने हेतु सम्बन्धित कालेजों से त्याग पत्र देते हुए मूल प्रमाण-पत्रों के साथ विशेष आवंटन में उपस्थित होना आवश्यक है। इस हेतु समस्त सम्बन्धित प्रधानाचार्यों को आवश्यक निर्देश दिये गये है। बी0ए0एम0एस0/बी0एच0एम0एस0 में प्रवेशित छात्रों को त्याग पत्र देने आवश्यक नही है परन्तु विशेष आवंटन के समय मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित रहना आवश्यक है।

- इस सम्बन्ध में छात्रों द्वारा विशेष ध्यान रखा जाय कि क्योकि यह प्रक्रिया विशेष आवंटन की है तथा काउन्सिलिंग की नही। अतः इस प्रकार से जिन छात्रों द्वारा त्याग पत्र दिया गया है, उन्हें पुनः अपने मूल सीट पर प्रवेश उपलब्ध नही होगा। उदाहरणतः यदि बी0डी0एस0 में प्रवेशित छात्र द्वारा विशेष आवंटन में प्रतिभाग लेने की इच्छा से त्याग पत्र देते हुए विशेष आवंटन प्रक्रिया में प्रतिभाग किया गया परन्तु इच्छानुसार एम0बी0बी0एस0 सीट नही उपलब्ध हुयी तो ऐसी दशा में इस छात्र को बी0डी0एस0 में पुनः कोई भी सीट उपलब्ध नही होगी।
- विशेष आवंटन में छात्रों को सीटों का आवंटन मेरिट कम विकल्प के आधार पर दिया जाएगा। यदि कोई छात्र अपनी मेरिट पर उपस्थित न होकर विलम्ब से उपस्थित होगा तो समस्त जिम्मेदारी उसकी होगी।

- विशेष आवंटन में छात्रों को पाठ्यक्रम आवंटित होने के पश्चात आवंटन स्थल पर ही प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करायी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रवेश हेतु आवश्यक धनराशि की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उपस्थित रहें।

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0 लखनऊ।